फेर पूछतेहैं इस शापका निमित्त क्या शापकैसें भया और सबये एक चित्तहें इनमैं भेदक्यों उवजाहे ब्राह्मणोमैं श्रेष्ठ यह संपूर्ण मेरेकोंकहो ॥ ९ ॥ तब शुकदेवजी कहतेहैं पहिले भक्तोंके सुखदानार्थ सकल सुंदर निधान स्वरूप धारी अत्यंत मंगल कर्म भूमिमैं किये यद्यपि आप पूर्णकामहैं तथापि बहुचिरद्वारकामें धामकर क्रीडा करीए सबभक्तोंकों सुख दिया अगले जीवों के उद्धारका उदार कीर्तिविस्तार कर भगवान् जी आगे अपने कुल संहारकी इच्छा करते भये ॥ १० ॥ जबए ऐसी इच्छा करी तब ब्रह्म शापका निमित्त भया सो कहतेहैं जोकर्म अत्यंत पुण्य रूप मंगल रूप गावन वालेके सब पाप दूरकरें ऐसेकर्म करनेकों जो मुनि बुलाएहैं सो मुनि बह कर्म कर आज्ञाले पिंडारक तीर्थकों जातेभये जो वसुदेवजी के ग्रहमैं काल रूप वसताहै

यन्निमित्तःसवैशापोयादृशोद्विजसत्तम कथमेकात्मनांभेदएतत्सर्वंवदस्वमे ॥९॥शुकउवाच॥विभ्रद्वपुःसकलसुंदरसन्निवेशंकर्माचरन्भुविसुमंगलमाप्तकामः आस्थायधामरममाणउदारकीर्तिःसंहर्तुमैछतकुलं स्थितकृत्यशेषः १०कर्माणिपुण्यनिवहानिसुमंगलानि गायज्जगत्कलिमलापहराणिकृत्वा कालात्मनानिवसता यदुदेवगेहे पिण्डारकंसमगमन् मुनयोविसृष्टाः११ विश्वामित्रोऽसितःकण्वोदुर्वासाभृगुरंगिराःकश्यपोवामदेवोत्रिर्वसिष्ठोनारदादयः॥ १२ ॥ क्रीडन्तस्तानुपव्रज्यकुमारायदुनंदनाःउपसंगृह्यपप्रच्छुरविनीताविनीतवत् ॥ १३ ॥ तेवेषयित्वास्त्रीवेषैः साम्बंजाम्बवतीसुतं कृत्वोदरंचसुमहद्वस्त्राद्यैर्यदुनन्दनाः॥१४ ॥ एषापृच्छतिवोविप्रान्तर्वत्न्यऽसितेक्षणा प्रष्टुंविलज्जतीसाक्षात्प्रब्रूतामोघदर्शनाः प्रसोष्यन्तीपुत्रकामा किंस्वित्संजनयिष्यति ॥ १५

सो भगवाननें आज्ञादई ॥ ११ ॥ तिन मुनियोंके नाम कहतेहैं विश्वामित्र असित कण्व दुर्वास भृगु अंगिरा कश्यप वामदेव अत्रि वसिष्ठ नारदसें आदले कर औरबी मुनिहे ॥ १२ ॥ इन रिषीश्वरोंके पास संपूर्ण यदु कुमार जाइ पैर पकड नमस्कार करपूछते भये मनमैं अति कपटसें भरेहैं ॥ १३ ॥ उनकों प्रष्ण कहतेहैं दो श्लोककर सो संपूर्ण बालक जांबवतीका पुत्रसांब तिसकों स्त्रीवेश बनाय पूछते भये अहो मुनीश्वर तुम सर्वज्ञहो यह गर्भ वतीहै इसके पुत्र कामनाहै और प्रसव होनहारहै तुमको साक्षात पूछती लज्जा करतीहै इसके कहो पुत्रहोगा कि कन्या होगी इस प्रकार पूछते भये ॥ १५ ॥

इस प्रकार च्छलसें पूच्छे भये कुपितहोइ तिनसें मुनिबोले हे मूर्खहो यह तुमारे कुल नाशक मुसलकों जनेगों ॥ १३ ॥ यह सुन अति भय भीतभये सो वालक शीघ्रतासें सांबके उदरकों खोलकर लोहका मुलसदेखते भये ॥ १७ ॥ मंद भाग हम यह क्याकिया हमको मनुष्य क्या कहेंगे इस प्रकार विह्वल भये मुलसकों लै आवते भये ॥ १८ ॥ अति मलीनहै मुखकी शोभा जिनकी ऐसे वालक उस मुलसकों सभा मध्य आन संपूण यादवोंके निकट राजेसे कहते भये श्रीकृष्णसें न कहते भये ॥ १९ ॥ सफल विप्रशाप सुन अर मुलस देख द्वारकाके वासी संपूर्ण आश्चर्य मानते भये अर भय भीतहोते भये ॥ २० ॥ श्रीकृष्णकों विना पूच्छे वह यादवोंका

एवंप्रलब्धामुनयस्तानूचुःकुपितान्नृप जनयिष्यतिवोमंदामुसलंकुलनाशनम् ॥ १६ ॥ तच्छ्रुत्वातेतिसंत्रस्ताविमुच्यसहसोदरं साम्बस्यददृशुस्तस्मिन्मुसलंखल्वयस्मयम् ॥ १७ ॥ किंकृतंमंदभाग्यैर्नःकिंवदिष्यंतिनोजनाः इतिविह्वलितागेहानादायमुसलंययुः ॥ १८ ॥ तच्चोपनीयसदसिपरिम्लानमुखश्रियःराज्ञआवेदयांचक्रुःसर्वयादवसन्निधौ ॥ १९ ॥ श्रुत्वामोघंविप्रशापंदृष्ट्वाचमुसलंनृप विस्मिताभयसंत्रस्ताबभूवुर्द्वारकौकसः ॥ १९ ॥ तच्चूर्णयित्वामुसलंयदुराजःसआहुकः समुद्रसलिलेप्रास्यल्लोहंचास्यावशेषितम् ॥ २१ ॥ कश्चिन्मत्स्योग्रसील्लोहं चूर्णानितरलैस्तत उह्यमानानिवेलायांलग्नान्यासन्किलैरकाः॥ २२ ॥ मत्स्योगृहीतोमत्स्यघ्नैर्जालेनान्यैःसहार्णवे तस्योदरगतंलोहंसशल्येलुब्धकोकरोत् २३ भगवाञ्ज्ञातसर्वार्थईश्वरोपितदन्यथा कर्तुंनैच्छद्विप्रशापं कालरूप्यन्वमोदत ॥ २४ ॥ इतिश्रीभागवते एकादशस्कन्धेप्रथमोध्यायः ॥ १ ॥

राजा उंग्रसैन तिस मुलसकों चूर्ण कराइ समुद्रके जल विष डारते भये उसका कुच्छ और लोहा रहा सोवी डारते भये ॥ २१ ॥ कोई मच्छ उस लोहेकों ग्रसगया चूर्ण सबतरंगन कर समुद्रके तीर डारेसे सवएरेका तृण भये ॥ २२ ॥ वह मच्छ समुद्रमें और मच्छोंके संग धीवरने जालमें पकडा उसके उदरसें जो लोहानिकला तिसकी वधिकने भल्ल करी ॥ २३ ॥ भगवान ईश्वर सकल अर्थके ज्ञाताहै सोवी निवारणकी इच्छा न करते भये विप्रशापहीकों मुख्य करते भये इसत उस समें आपकाल रूपहै ॥ २४ ॥ यह श्रीभागवतमे भाषा टीकामे एकादश स्कंधमे प्रथम अध्याय समाप्त भया ॥ १ ॥

नहींभयेहैं पक्षजिनको माताकर्के हीन मंदभागी आलडेमें अपनी माताका मार्ग देखतेहैं ऐसेजो पुत्रतिनकोमें कैसें पालांगा ॥ ५० ॥ ऐसेंविलापकरताहै प्यारीके वियोग कर्के आतुर ऐसा जो कुलिंग तिसको वधिक कालका प्रेराहुआ वानोंकर्के मारताभया ॥ ५१ ॥ हेकुबुद्धीहो ऐसें ही अपना जो नाश तिसको तुम नहीं देखतेहो यह अपना पति जो राजा तिसका शोचकरते सौवरसतक नपावोगे ॥ ५२ ॥ हिरण्य कशिपु कहताहै ऐसें वालकके कहे संतें विस्मितहै चित्त जिनका ऐसे जो संपूर्ण संवंधी सो जगतको झूठा मानतेभये ॥ ५३ ॥ यमजोहै सो ऐसें कह

कथंत्वजातपक्षांस्तान्मातृहीनान्बिभर्म्यहं मंदभाग्याःप्रतीक्षंतेनीडेमेमातरंप्रजाः ॥५० ॥ एवंकुलिंगंविलपंतमाराात्प्रियावियोगातुरमश्रुकंठं सएवशाकुनिकः शरेणविव्याधकालप्रहितोविलीनः ॥ ५१ ॥ एवंयूयमपश्यंत्यआत्मापायमबुद्धयः नैनंप्राप्स्यथशोचंत्यः पतिंवर्षशतैरपि ॥ ५२ ॥ हिरण्यकशिपुरुवाच वालएवंप्रवदतिसर्वेविस्मितचेतसः ज्ञातयोमेनिरेसर्वमनित्यमयथोत्थितं ॥ ५३॥ यमराट्तदुपाख्यायतत्रैवांतरधीयत ज्ञातयोपि सुयज्ञस्यचक्रुर्यत्सांपरायिकं ॥ ५४ ॥ ततः शोचतमायूयंपरंचात्मानमेवच क आत्माकः परोवात्रस्वीयः पारक्यएववा स्वपराभिनिवेशेनविनाज्ञानेनदेहिनाम् ॥ ५५ ॥ नारदउवाच इतिदैत्यपतेर्वाक्यंदितिराकर्ण्यसस्नुषा पुत्रशोकंक्षणात्त्यक्त्वातत्त्वेचित्तमधारयत् ॥५६ इतिश्रीभागवतेसप्तमस्कंधेदितिशोकापनोदनंनामद्वितीयोध्यायः ॥ २ ॥

के उहांही अंतर्हीत होतेभये सुयज्ञके जो ज्ञाति सो परलोककी जो कृतितिसको करतेभए ५४॥ तिसतें तुम पर जो आत्मा तिसका शोच मतकरो कौन अपनाहै कौन विगानाहै अपना औरका जो अभिनिवेश सोई भया अज्ञान तिस के देह धारियोंको अपना विगाना भाव होताहै ॥ ५५ ॥ नारदजीकहतेहैं पुत्र वधून कर्के साहित दितिजोहै सो ऐसें दैत्यपतिका जो वचन तिसको सुनके पुत्र शोक छोडके तत्व ज्ञानमें चित्त धारण करती भई ॥ ५६ ॥ एह श्रीभागवत में सतमें स्कंधम भाषा टीकामें दूसरा अध्याय समाप्तभया ॥ २ ॥

नारदजी कहतेहैं हे राजा हिरण्य कशिपुजोहै सो आपको जीतेही अजर अमर दूसरा वर्गो वरनही एकही राजामैं होवां असे करणे की इच्छा करता भया ॥ १ ॥ मंदराचलकी जो गुफा तिसमें परम दारुण तप को तपता भया ऊपरकोहैं हाथ जिसके आकाशमेंहैं दृष्टि जिस की पैरोंके अंगूठियोंके वल खडा होताभया जटोंकी कांतिकर्के ऐसें सुंदर लगे जैसे प्रलयका सूर्य्य किरनों कर्के सुंदर लगताहै ॥ २ ॥ सो दैत्य तप करताहै तिससमें द वते अपने घरोंमें वसतेभये ॥ ३ ॥ तिस दैत्यके माथे मेंसे धूम सहित तमोमय अग्नि होता भ

नारदउवाच हिरण्यकशिपूराजन्नजेयमजरामरं आत्मानमप्रतिद्वंद्वमेक
राजंव्यधित्सत ॥ १ ॥ सतेपेमंदरद्रोण्यांतपःपरमदारुणं ऊर्ध्ववाहु
र्नभोदृष्टिःपादांगुष्ठाश्रितावनिःजटादीधितिभीरेजेसंवर्त्तार्कइवांशुभिः ॥ २
तस्मिंस्तपस्तप्यमानेदेवाःस्थानानिभेजिरे ॥ ३ ॥ तस्यमूर्ध्नःसमुद्भूतःस
धूमोग्निस्तपोमयः तिर्यगूर्ध्वमधोलोकानतपद्विष्वगीरितः ॥ ४ ॥ चक्षुभु
र्नद्युदन्वंतःसद्वीपाद्रिश्चचालभूः निपेतुःसग्रहास्ताराजज्वलुश्चदिशोदश
॥ ५ ॥ तेनतप्तादिवंत्यक्त्वाब्रह्मलोकंययुःसुराः ॥ ६ ॥ धात्रेविज्ञापयामा
सुर्देवदेवजगत्पते दैत्येंद्रतपसातप्तादिविस्थातुंनशक्नुमः ॥ ७ ॥ तस्यचो
पशमंभूमन्विधेहियदिमन्यसेलोकानयावन्नंक्ष्यंतिवलिहारास्तवाभिभोः ८

या सो चार ओरको तिर्थक् ऊपर नीचेके जो लोक तिनको जलावताभया ॥ ४ ॥ नदीसमु द्र क्षोभको प्राप्त भये द्वीप पर्वत सहित पृथ्वी हलतीभई ग्रह सहित तारे गिरते भये दश दिशा दग्ध होतिआं भईयां ॥ ५ ॥ तिस तप कर्के तप्त जो देवते सो स्वर्ग छोडके ब्रह्माके लोककों जातभये ॥ ६ ॥ ब्रह्मासे जनावतेभये हे देव हे देव हे जगत पति दैत्येंद्रका जो तप तिसकर्के तप्त जो हम सो स्वर्गमें खडे होनेको समर्थ नही होतेहैं ॥ ७ ॥ हे भूमन् तपका उपशमकरो जो मनमें आवे तुमारे को भेटा देने वाले जो लोक सो जव तक नष्टनहोवें ॥ ८

तिस दैत्यका यह संकल्पहै दुश्चर तपकरताहै तुम क्या नही जानतेहो तदभी हम निवेदन कर
तेहैं सो सुनो ॥ ९ तप योगसमाधि कर्के चराचर लोकको रचके संपूर्ण लोकोंतें श्रेष्ठ जो सत्य
लोक तिसको ब्रह्मा जैसे स्थित होता भया १० तैसेंई वर्ध मान जो योग समाधि तिसकर्के आ
त्माको सिद्धकरांगा काल और आत्माये नित्यहैं इसतें बहुत जन्मों कर्के ब्रह्मा तुल्य होवांगा ११
यह जो ब्रह्माकी सृष्टि तिसको और प्रकारकी करांगा देवतयोंके दैत्य दैत्योंको देवते पुण्यका पाप
पापका पुण्य ऐसें जगत्कों उलटा करूंगा ध्रुवतें आद लयके जो लोक तिना कर्के क्या प्रयोज
नहै ॥ १२ ॥ यह हमने उसका हठ सुनाहै परम तपमें स्थित भया हे त्रिलोकीके ईश्वर जो तू

तस्यायंकिलसंकल्पश्चरतोदुश्चरंतपः श्रूयतांनोनविदितस्तवाथापिनिवि
धत ॥ ९॥ सृष्ट्वाचराचरमिदंतपोयोगसमाधिना अध्यास्तेसर्वधिष्ण्येभ्यः
परमेष्ठीनिजासनं १० तदहंवर्द्धमानेनतपोयोगसमाधिनाकालात्मनोश्चनि
त्यत्वात्साधयिष्येतथात्मनः ॥ ११ अन्यथेदंविधास्येहमयथापूर्वमोजसा
किमन्यैःकालनिर्धूतैः कल्पांतेवैष्णवादिभिः १२ इतिशुश्रुमनिर्बंधंतपः
परममास्थितःविधत्स्वानंतरंयुक्तंस्वयंत्रिभुवनेश्वर ॥ १३ ॥ तवासनंद्वि
जगवांपारमेष्ठ्यंजगत्पते भवायश्रेयसेभूत्यैक्षेमायविजयायच ॥ १४॥ इति
विज्ञापितोदेवैर्भगवानात्मभूर्नृपपरीतोभृगुदक्षाद्यैर्ययौदैत्येश्वराश्रमं १५
नददर्शप्रतिच्छन्नंवल्मीकतृणकीचकैः पिपीलिकाभिराचीर्णमेदस्त्वङ्मांस
शोणितं तपंतंतपसालोकान्यथाभ्रापिहितंरविं विलक्ष्यविस्मितः प्राहप्रह
सन्हंसवाहनः ॥ १६ ॥

मको इहां योग्य होवे सो शतावी करो ॥ १३ ॥तुमारा जो पारमेष्ठ्य आसन सो ब्राह्मण गौओं
के सुखके लिये उद्भवके लिये ऐश्वर्य्यके लिये लब्ध पालनके लिये उत्कर्षके लियेहै ॥ १४
ऐसें देवतयोंने जताये भगवान ब्रह्मा सो हे राजा भृगुसें आद संग लयके दैत्येश्वरका जो आश्र
म तिसको जाते भये ॥ १५ ॥ वरमी कर्के ढका होया और बांस इना कर्के घास कर्के छिपाहु
आतिसकोन देखते भये चीटीयोंने खाय लियाहै देह त्वचा मांस रुधिर जिसका तपकर्के लोक
को तापदेताहै जैसें बदलोंमें सूर्ज ढका रहताहै ऐसा जो दैत्य तिसकोदेखके विस्मित होके हंस
जिसकावाहन ऐसे जो ब्रह्माजी सो हस कर्के बोलते भये ॥ १६ ॥

ब्रह्माजी कहतेहैं हे कश्यपके पुत्र तुमाराकल्याणहोवे तुम तपकर्के सिद्धहैं वरको देने वाला आयाहुंजो तुमको चाहियेसोमांगो १७ मैनेतरेहृदयका यहधर्जि देख्याहै वडाअद्भुतहै कीडोंनेखाय लियहैदेह जिसका ऐसाजो तूं तिसकेअस्थियोंमें प्राणहैं सो सोयेहैं १८ ऐसेंतव पहिले ऋषिजोथे सोभीन करतेभये और नकरेंगे विना जलपिये देवतयोंका सौवर्ष कौन प्राणाकों धारनकरे १९ तत्व वेत्तों को दुष्कर यहतेरा विचार तिसकर्के तैने जीताहां तपमेंहै निष्ठा जिसकी ऐसा जो तूं तिसने हेदितिके पुत्र अतिशय कर्के जीत्याहांमैं २० हे असुरोंमें श्रेष्ठ तिसते तेरेको संपूर्ण जो

ब्रह्मोवाच उत्तिष्ठोत्तिष्ठभद्रंतेतपःसिद्धोसिकाश्यप वरदोहमनुप्राप्तो व्रियतामीप्सितोवरः ॥ १७ ॥ अद्राक्षमहमेतत्तेहृत्सारंमहदद्भुतं दंशभक्षितदेहस्यप्राणाह्यस्थिषुशेरते ॥ १८ ॥ नैतत्पूर्वर्षयश्चक्रुर्न करिष्यंतिचापरे निरंवुर्धारयेतप्राणान्कोवैदिव्यसमाःशतम् ॥ १९ ॥ व्यवसायेनतेनेनदुष्करेणमनस्विनां तपोनिष्ठेनभवताजितोहंदितिनंदन ॥ २० ॥ ततस्तआशिषःसर्वाददाम्यसुरपुंगव मर्त्यस्यतेअमर्त्यस्यदर्शनं नाफलंमम ॥ २१ ॥ नारदउवाच इत्युक्त्वादिभवोदेवोभक्षितांगंपिपीलिकैः कमंडलुजलेनौक्षद्दिव्येनामोघराधसा ॥ २२ ॥ सतत्कीचकवल्मीकात्सह ओजोबलान्वितः सर्वावयवसंपन्नोवज्रसंहननोयुवा उत्थितस्तप्तहेमाभो विभावसुरिवैधसः ॥ २३ ॥

आशिषा तिनको मैं देवांगा मनुष्यजो तूं तिसको देवतयोंमें श्रेष्ठ जो मैं तिसका दर्शन निरफल नही होताहै २१ नारदजी कहतेहैं ब्रह्मा जो आदिदेवसो ऐसें कहके पिपीलोंने खायाहै देह जिसका ऐसा जो दैत्य तिसको दिव्य सकलहैं तेजाजिसका ऐसा जो कमंडलुका जल तिस कर्के सिंचन करते भये ॥ २२ ॥ जलके डारेसें सो दैत्य वांसों सें और वरमीमें सें सह ओज वल कर्के युक्त संपूर्ण अगों कर्के संपन्न वज्रजैसाकठोर तरुण सुवर्ण जैसीहै कांति जिसकी ऐसा होके उठता भया जैसें काष्ठमें सें अग्नि निकलताहै ॥ २३ ॥

स्वायंभु मनुका प्रियव्रत नाम पुत्रभया तिसका पुत्र अग्नीध भया तिसका नाभि भया तिसके रि
षभ देवभये ॥ १५ ॥ तिनके मध्य नव योगी श्वरोंका चरित्र कहना चाहतेहै तिसतें औरनका च
रित्र न्यारा करके कहतेहैं ऋषभदेवको वासुदेवका अंश कहतेहैं मोक्ष धर्म कहनेका अवतार लि
यें तिनके सौ १०० पुत्रभये सो सब वेदपारंगत भये ॥ १६ ॥ तिनमध्य नारायणपरायणभरत
ज्येष्ठ भये यह अजनाभ खंड जिसके नामकरी भरत खंडयेनाम प्रसिद्धभया इसकर भरतकी अ
धिकता कही ॥ १७ ॥ = सोराजा भरत पृथ्वी के भोगकर इसकों च्छोड तपस्याकों निकले

प्रियव्रतोनामसुतो मनोःस्वायंभुवस्ययः तस्याग्नीध्रस्ततोनाभि ऋषभस्त
त्सुतःस्मृतः ॥ १५ ॥ तमाहुर्वासुदेवांशंमोक्षधर्मविवक्षया अवतीर्णंसुत
शतंतस्यासीद्ब्रह्मपारगम् ॥१६॥ तेषांतुभरतोज्येष्ठोनारायणपरायणःवि
ख्यातंवर्षमेतद्यन्नाम्नाभारतमद्भुतम् ॥ १७ ॥ सभुक्तभोगांत्यक्त्वेमांनिर्गत
स्तपसाहरिम् उपासीनस्तत्पदवींलेभेवैजन्मभिस्त्रिभिः॥१८॥ तेषांनवनव
द्वीपपतयोस्यसमंततः कर्मतन्त्रप्रणेतारएकाशीतिर्द्विजातयः ॥१९॥ नवा
भवन्महाभागामुनयोह्यर्थशंसिनः श्रमणावातरशनाआत्मविद्याविशार
दाः ॥ २० ॥ कविर्हरिरन्तरिक्षःप्रबुद्धःपिप्पलायनः आविर्होत्रोथद्रुमि
लश्चमसः करभाजनः ॥ २१ ॥

हरिकी उपासना करते तीनजन्म करके हरिकी पदवीकों प्राप्त भये ॥ १८ ॥ इस भरत खंडके
चारो ओर तिनके मध्य नौपुत्र नौद्वीपके पति भये अकासी पुत्र ब्राह्मण भये कर्म मार्गके प्रव
र्तक ॥ १९ ॥ ओर नौपुत्र महाभागवत मुनिभये परमार्थके उपदेशकर्ता आत्मज्ञानके अभ्यासमें
तत्पर दिगंवर आत्म विद्यामें पारंगत भये ॥ २० ॥ तिनके नाम कहतेहै कवि हरि अंतरिक्ष
प्रबुद्ध पिप्पलायन आविर्होत्र द्रुमिल चमस करभाजन ॥ २१ ॥

इनके चरित्र कहतेहैं सो संपूर्ण इसविश्वकों भगवत रूप कर्के देखते भये स्थूल सूक्षम जोहै तिसके आत्मासें भिन्न नही देखतेभये आत्म रूपही देखते पृथवीमें फिरतेभये ॥२२॥ नहीरूपकीहै वांच्छितगति जिनकी अर जो कही आसनही ऐसेजोगीश्वर देवते सिद्धसाध्य गंधर्व यक्ष मनुष्य किंनर नाग मुनिचारण भूतनाथ विद्याधर ब्रह्मा गौआं इनके लोकनमैं अपनी इच्छाकर फिरतेहै २३ सो संपूर्ण अपनी इच्छाकर एक दिन रिषियों कर भरत खंडमैं विस्तारित जोउदार चित राजे जनकका यज्ञहै तहां आवतेभये ॥ २४ ॥ सूर्यजैसाहै तेज जिनका ऐसे परम भागवतोंकों

तएतेभगवद्रूपंविश्वंसदसदात्मकम् आत्मनोऽव्यतिरेकेणपश्यन्तोव्यचरन्महीम् २२ अव्याहतेष्टगतयःसुरसिद्धसाध्यगन्धर्वयक्षनरकिन्नरनागलोकान् मुक्ताश्चरंतिमुनिचारणभूतनाथ विद्याधरद्विजगवांभुवनानिकामम् २३ तएकदानिमेःसत्रमुपजग्मुर्यदृच्छयावितायमानमृषिभिरजनाभेमहात्मनः२४ तान्दृष्ट्वासूर्यसंकाशान्महाभागवतान्नृप यजमानोग्नयोविप्राः सर्वएवोपतस्थिरे ॥२५॥ विदेहस्तानभिप्रेत्यनारायणपरायणान् प्रीतःसंपूजयांचक्रे आसनस्थान्यथार्हतः ॥ २६ ॥ तान्रोचमानान्स्वरुचाब्रह्मपुत्रोपमान्नव पप्रच्छपरमप्रीतःप्रश्रयावनतोनृपः ॥ २७ ॥ विदेहउवाच मन्येभगवतःसाक्षात्पार्षदान्वोमधुद्विषः विष्णोर्भूतानिलोकानांपावनायचरन्तिहि ॥ २८

देख यजमान अर अग्नि अर ब्राह्मण सबउठखडे होतेभये २५ तबराजा जनक उनकों नारायणपरायण जान प्रसन्न भये आसनमें बैठे हुओं की यथा योग्य पूजा करते भये॥२६॥ अपनी कांतिकर्कें शोभा संयुक्त सनकादिनके समान तिनको देखप्रसन्न वहुत भये विनयकर नम्रहोइ पूच्छते भये ॥ २७ ॥ पहिले उनकी स्तुति दोश्लोक कर करतेहैं तुम साक्षात मधुदैत्यके द्वेषी भगवानके पारखतहो जिसतें विष्णु भक्त लोकनकों पावन करणकों सबठौर विचरतेहो ॥ २८ ॥

मैने दुर्लभ वस्तू पाईहै तिससें मेरावडा भाग्यहै वह कहतेहैं देह धारियां को मनुष्यदेह दुर्लभहै सोवीक्षण भंगुरहै तिसीमैं भगवानके प्रिय भक्तनकों दर्शन दुर्लभहै ॥ २९ ॥ हे निष्पापहो इ सतें तुमसें अत्यंत कल्याण पूच्छताहू इस संसारमैं अर्धक्षणभीसतसंग मनुष्यकों वडीनिधिहै ३० तिससें हमारा सुननेका अधिकार जानो तो मेरेसें वैष्णव धर्मकहो जिनधर्मों कर प्रसन्नभये भ गवान् भक्तांकों अपना आत्मा वी देतेहै ॥ ३१ ॥ नारद वसुदेवजी सें कहतेहैं हेवसुदेव ऐसें राजाजनकने पूच्छे सो अतिवडे महांत रित्विज और सभासद सहित राजेजनककी स्तुति प्री ति पूर्वक कहते भये ॥ ३२ ॥ राजे जनकनें नौ प्रश्नकिये प्रथम एक वैष्णव धर्म दूसरा परमे श्वरकी भक्ति तीसरा माया चौथा मायाका तरणा पंचमाब्रह्म छेमा कर्म सातमा अवतार चरित्र

दुर्लभोमानुषोदेहोदेहिनांक्षणभंगुरःतत्रापिदुर्लभंमन्येवैकुण्ठप्रियदर्शनम् ॥ २९ ॥ अतआत्यन्तिकंक्षेमंपृच्छामोभवतोनघाः संसारेस्मिन्क्षणार्द्धेपि सत्संगःशेवधिर्नृणाम् ३० धर्मान्भागवतान्ब्रूतयदिनःश्रुतयेक्षमं यैःप्रसन्नःप्रपन्नायदास्यत्यात्मानमप्यजः ॥ ३१ ॥ नारदउवाच एवंतेनिमिना पृष्टावसुदेवमहत्तमाः प्रतिपूज्याब्रुवन्प्रीत्यासदस्यर्त्विजंनृपम् ३२ ॥ कविरुवाच मन्येऽकुतश्चिद्भयमच्युतस्यपादाम्बुजोपासनमत्रनित्यम् उद्विग्नबुद्धेरसदात्मभावाद्विश्वात्मना यत्रनिवर्ततेभीः ॥ ३३ ॥ येवैभगवता प्रोक्ताउपायाह्यात्मलब्धये अंजःपुंसामविदुषांविद्धिभागवतान्हितान् ३४

आठमा भक्तिप्राप्ति नवमा जुग इन एक एक प्रश्नका उत्तर नवही मुनि देतेभये तहा प्रथम अ ति कल्याण रूप जो धर्म सो कविनाम योगीश्वर कहतेहै हारिके चरणार विंदकी उपासना निरभ य स्थानहै उहां किसीसें भय नही तिससें जिनकी बुद्धि देहादिकोंमे आत्माकर समजतेहैं तिन कों नित्य उद्वेगरहताहै वह जो चरणार विंदकी उपासना करे तो सर्वथा संसारका भयदूरहोई ३३ ॥ वैष्णवधर्मके लक्षण कहतेहैं प्रथम मनुआदि रिषियोंके मुखसें वर्ण आश्रमधर्म सब क हतेहै पीच्छे अति रहस्य सो अपने मुखही कर भगवान अज्ञानीनकों वी सुख करकें आत्मज्ञा न प्राप्तहोने कों उपाय कहतेहै सो सब वैष्णवधर्म जानो ॥ ३४ ॥

तिन धर्मनको आश्रय किये मनुष्य कबी विघ्नन करे नही पीडित होतेहैं हे राजन नेत्र मींट दौडे तदवी उलटा न गिरे सो कहतेहैं कदाचित वर्ण आश्रम धर्म नहोइ आवे तो प्रत्यवायी न होइ और फलसें भ्रष्टनहोइ ॥ ३५ ॥ जो बिधिसें बताएहैं सोई भागवत धर्महै यह नियम नही देह कर, वचन कर, मन कर, इंद्रियों कर, बुद्धि चित्त कर, जो करे औरमैं ब्राह्मणहूं क्षत्रीहूं इस स्वभावतें करे सो सबपरमात्मा नारायणकों समर्पणकरे सोई सब वैष्णव धर्म होताहै यह अर्थ गीतामैं कहाहै यत्करोषि पदश्नासि इस श्लोक ॥ ३६ ॥ परमेश्वरसेंविमुख कौन तिनकी माया कर भगवत स्वरूप का अज्ञान होई तिसतें अहं देह यह अभिमान नहोइ तब दूसरे के अभि निवेशते भय होइ इसतें भय तिनकी माया कर होताहै इसतें गुरूईहै देवता अर इष्ट जिसका ऐसा यह बुद्धिमान निश्चकर्के भक्ति करे तिसी ईश्वरकों भजे ॥ ३७ ॥ यहां पूर्वपक्ष

यानास्थायनरोराजन्नप्रमाद्येतकर्हिचित् धावन्निमील्यवानेत्रेनस्खलेन्नपतेदिह ॥ ३५ ॥ कायेनवाचामनसेंद्रियैर्वाबुद्ध्यात्मनावानुसृतस्वभावात् करोतियद्यत्सकलंपरस्मैनारायणायेतिसमर्पयेत्तत् ॥ ३६॥ भयंद्वितीयाभिनिवेशतःस्यादीशादपेतस्यविपर्ययोऽस्मृतिः तन्माययातोवुधआभजेत्तंभक्त्यैकयेशंगुरुदेवतात्मा ॥ ३७॥ अविद्यमानोप्यवभातिहिद्वयोध्यातुर्धियास्वप्नमनोरथौयथा तत्कर्मसंकल्पविकल्पकंमनोवुधोनिरुन्ध्याद्भयंततःस्यात् ॥ ३८ ॥ शृण्वन्सुभद्राणिरथांगपाणेर्जन्मानिकर्माणिचयानिलोके गीतानिनामानितदर्थकानिगायन्विलज्जोविचरेदसंगः ३९

मैं कहताहूं जिनके चित्त विषय कर्के चंचल होतेहैं तिनकों निश्चल भक्ति कैसें होइ और भक्ति न होई तो भय कैसें जाइ तहां कहते कैके विषय कुच्छ वस्तु नहीहै केवल मनका विलास मात्रहै इसतें मनको निग्रह कर्के जो भजन करे तो अभय होइ यह कहतेहैं यद्यपि प्रपंच सब ब्रह्म रूपहीहै दूसरा कोई नही तथापि अविद्या कर दूसरा देखीदाहै जैसें ध्यान कर्ता पुरुषोंकों मनकर स्वपन और मनोरथ देखिए तिसतें संकल्पके कर्ता मनकों बुद्धिमान रोकै तब निश्चलभक्ति कर्के भजनसें अभय होइ ॥ ३८ ॥ जो जगदीशके शुभकर्महै जन्महै अर जो जन्म अर कर्म कर्के भए नाम लोकमैं प्रसिद्धहै, तिनकों लज्जा च्छोडके निसंग होइके गावता फिरे ॥ ३९ ॥

सो दैत्य हंसजिसका वाहन आकाशमें स्थित ऐसा जो ब्रह्मा तिसको देखके शिर कर्के भूमिमे प्रणाम करता भया ब्रह्माके दर्शनकर्केवडाहै उत्सव जिसको ॥ २४ ॥ उठके हाथजोडके नमस्कार कर्के ब्रह्माको देखतहैहर्षके अश्रुयोंकाहै रोमांच जिसके सो गदगदवानी कर्के स्तुति करताभया ॥ २५ ॥ कल्पांतमें कालने रचिया वडा अंधकार तिसकर्के आवृतऐसा जोजगत तिसको संपूर्ण प्रकाश जो तुम सो अपनी कांति कर्के प्रकट करते भये त्रिगुणा श्रय जो आत्मा तिसकर्के इस विश्वको रचतेहोपालतेहो नाश करतेहो रजसत्वतम इनके आश्रयहो परमेश्वरहो तिनको नमस्कारहै ॥ २६ ॥सवनोंके आदि कारण ज्ञानविज्ञानहैं मूर्त्ति जिसकी प्राणमन इंद्रिय

सनिरीक्ष्यबरेदेवंहंसवाहमवस्थितं ननामाशिरसाभूमौतद्दर्शनमहोत्सवः ॥२४ ॥ उत्थायप्रांजलिःप्र०हईक्षमाणोदृशाविभुं हर्षाश्रुपुलकोद्भेदोगिरा गद्गदयागृणात् ॥ २५॥ हिरण्यकशिपुरुवाच कल्पांतिकालसृष्टेनयोंधेनत सावृतं अभिव्यनग्जगदिदंस्वयंज्योतिःस्वरोचिषा आत्मनात्रिवृताचेदं सृजत्यवतिलुंपति रजःसत्त्वतमोधाम्नेपरायमहतेनमः ॥ २६ ॥ नमआ द्यायबीजायज्ञानविज्ञानमूर्त्तये प्राणेंद्रियमनोबुद्धिविकारैर्व्यक्तिमीयुषे२७ त्वमीशिषेजगतस्तस्थुषश्चप्राणेनमुख्येनपतिः प्रजानां चित्तस्यचित्तेर्मन इंद्रियाणांपतिर्महान्भूतगुणाशयेशः ॥ २८ ॥ त्वंसप्ततंतून्वितनोषितन्वा त्रय्याचतुर्होत्रकविद्ययाच त्वमेकआत्मात्मवतामनादिरनंतपारःकविरंत रात्मा २९ ॥ त्वमेवकालोनिमिषोजनानामायुर्लवाद्यावयवैःक्षिणोषि कू टस्थआत्मापरमेष्ठ्यजोमहांस्त्वंजीवलोकस्यचजीवआत्मा ॥ ३० ॥

बुद्धि ये जो विकार तिनाकीव्यक्तीको प्राप्त हो तिनको नमस्कारहे ॥ २७ ॥ तुम स्थावर जंगम के ईश्वर हो मुख्य जो प्राण तिस कर्के प्रजोंके पतिहो चित्तके चित्तहो इं द्रियोंके पतिहो इसीतें महत्तत्व रूप हो भूतगुण आशय इनके ईश्वरहो ॥२८ ॥ तुमही यज्ञहौ तिनका विस्तार करतेहो त्रयी रूप कर्के चातु र्होत्र विद्या कर्के तुमही प्राणियोंके आत्माहो अंत र्यामीहो कविहो अनादिहो नहीहै अंतजिसका ॥२९॥ तुमही कालहो लवादिक जो अंग तिना कर्के लोकोंका आयुका नाशकरतेहो निर्विकार ज्ञानरूप परमेश्वरहो अजन्माहो अपरिच्छिन्न

हो जीव लोकके जीवहो जीवोंके नियंताहो स्थावर जंगम कार्य कारण सो तुमसें कुच्छन्यारा नहीहै विद्या कलासो सवतुमारे अंगहैं ब्रह्मांडहै गर्भमें जिनके प्रधानकी पीठपर स्थितहो ॥ ३१ हे विभो कार्यहै सो तुमारा स्थूल रूपहै जिस कर्के इंद्रिय प्राण मन इनके जो गुण तिनका क्षोभ करतेहो अपने स्वरूपमें स्थितहो अव्यक्तहो ब्रह्माहो पुरातन पुरुषहो ॥ ३२ ॥ अनंत अव्यक्त ऐसा जो रूप तिस कर्के तुमने विश्व व्याप्त कियाहै विद्यामाया इन कर्के युक्त जोभगवान तुम तिनको नमस्कार होवे ॥ ३३ ॥ हेवरदेने वालियोंमें उत्तम जो मेरेको वांछित वर देतेहो तो हे

नातःपरंनापरमप्यनेजदेजच्चकिंचिद्व्यतिरिक्तमस्ति विद्याकलास्तेतनव श्चसर्वाहिरण्यगर्भोसिबृहत्त्रिपृष्ठः ३१व्यक्तंविभोस्थूलमिदंशरीरंयेनेंद्रियप्राणमनोगुणांश्च भुंक्षेस्थितोधामनिपारमेष्ठ्येअव्यक्तआत्मापुरुषःपुराणः ॥ ३२ ॥ अनंताव्यक्तरूपेणयेनेदमखिलंततं चिदचिच्छक्तियुक्तायतस्मैभगवतेनमः ३३ यदिदास्यस्यभिमतान्वरान्मेवरदोत्तम भूतेभ्यस्त्वद्विसृष्टेभ्योमृत्युर्माभून्ममप्रभो ॥ ३४ ॥ नांतर्बहिर्दिवानक्तमन्यस्मादपिनायुधैः नभूमौनांबरेमृत्युर्ननरैर्नमृगैरपि व्यसुभिर्वासुमद्भिर्वासुरासुरमहोरगैः ॥ ३५ ॥ अप्रतिद्वंद्वतांयुद्धेऐकपत्यंचदेहिनां सर्वेषांलोकपालानांमहिमानंयथात्मनः तपोयोगप्रभावानांयन्नरिष्यतिकर्हिचित् ॥ ३६ ॥ इतिश्रीभागवतेसप्तमस्कंधेतृतीयोध्यायः ॥३॥

प्रभो तुमारेरचेहोये जो भूत तिनातें मेरी मृत्यु नहोवे ॥ ३४ ॥ भीतर नहोये बाहिर नहोवे दिनमें नहोये रात्रिमें नहोये औरतें नहोये आयुधों कर्के नहोये भूमिमें नहोये आकाशमें नहोये मनुष्यों कर्के नहोवे सिंहों कर्के नहोये जीवते मेरे इना कर्के नहोये देवते असुर सर्प इना कर्के नहोवे ३५ युद्धमें तुमनजीतो और कोई न जीते सवनामें ऐक पत्य होये सवलोक पालोंकी महिमा जैसी तुमारी महिमा तैसी महिमा होये तपयोग प्रभाव ये कभी नष्ट नहोये यह वरदेवो ॥ ३६ ॥ एह श्रीभागवतके सप्तमस्कंधकी भाषा टीकामें तीसरा अध्याय समाप्त भया ॥ ३ ॥

चौथे अध्यायमें वर पाइके संपूर्ण लोक पालोंको जीतके भगवानसें बैर कर्के दैत्येंद्र इना सबनों को पीडा देताभया यह वर्णन करतेहैं ॥ १ ॥ नारदजीकहतेहैं ऐसें वरण किया ब्रह्मा सोदैत्यके तप कर्के प्रसन्नहोके तिस हिरण्य काशिपुको दुर्ल्लभजो वर तिनको देताभया ॥ १॥ हेपुत्र जिना वरां को मांगताहैं सोवर पुरुषोको दुर्ल्लभहैं तदभी हे दैत्य दुर्ल्लभ जो वर तिनकोमै देताहुं ॥ २ ॥ तिसके अनंतर सफलहै अनुग्रह जिनका असुरोंमं श्रेष्ठ तिसने पूजित किये प्रजेश्वरोंने स्तुत किये ऐसेजो भगवान ब्रह्मा सो अपने धामको जातभये ॥ ३ ॥ ऐसे पायेहैं वर जि

नारदउवाच एवंवृतः शतधृतिर्हिरण्यकशिपोरथ प्रादात्तत्तपसाप्रीतोवरांस्तस्यसुदुर्लभान् ॥ १ ॥ ब्रह्मोवाच तातेमेदुर्ल्लभापुंसांयान्वृणीषेवरान्मम तथापिवितराम्यंगवरान्यदापिदुर्लभान् ॥ २ ॥ ततोजगामभगवानमोघानुग्रहोविभुः पूजितोसुरवर्येणस्तूयमानः प्रजेश्वरैः ॥ ३ ॥ एवंलब्धवरोदैत्योविभ्रद्धेममयंवपुः भगवत्यकरोद्द्वेषंभ्रातुर्वधमनुस्मरन् सावजित्यादेशः सर्वालोकांश्चत्रीन्महासुरः देवासुरमनुष्येंद्रान्गंधर्वगरुडोरगान् ॥ ४ ॥ सिद्धचारणविद्याध्रानृषीन्पितृपतीन्मनून् यक्षरक्षःपिशाचेशान्प्रेतभूतपतीनथ सर्वसत्वपतीन्जित्वावशमानीयाविश्वजित् जहारलोकपालानांस्थानानिसहतेजसा ॥ ५ ॥

सने ऐसाजो दैत्यसो तेज मय शरीर को धारन करताहोया भगवानसें बैर करताभया भ्राताका जो बध तिसको स्मरण करताहैसो दैत्य दिशों को जीतके तीनलोकोंको जीतके देवते असुर मनुष्य इनके जो इंद्र इनको जीतके गंधर्व गरुड सर्प ॥ ४ ॥ सिद्ध चारन वियाधर ऋषि पितरोंके पति यक्ष राक्षस पिशाच इनके ईश्वर प्रेत भूत इनके पति और संपूर्ण प्राणियोंके पति तिनको जीतके अपने वस कर्के विश्वको जीतने वाला दैत्य लोक पालोके तेज सहित जो स्थान तिनको छुडाय लेताभया ॥ ५ ॥

देवतयों के जो वाग तिनकी शोभाकर्के युक्त ऐसा जोस्वर्ग तिसमें वैठताभया तिस स्वर्गमें साक्षात् विश्वकर्माने रच्या त्रिलोकी की संपत्ति का स्थान संपूर्ण सिद्धि कर्के युक्त ऐसा जो इंद्रका भवन तिसमें अधिक वसताभया ॥ ६ ॥ जिसभवनमें मुंगोंकियां पौडिआंहैं मर्कत मणियोंकी भूमिहै जिसमें स्फटिक मणियोंके भित्तहैं वैदूर्ज्जमणियोंके खंभहैं जहां पद्मरागके आसन दूधके फेन जैसियां उज्जलशय्याहैं मोतियोंकियां जोमाला तिनकेहैं परिकर जिनमे जहां तहां घुंगरूव जातियां देवतयों कियां स्त्रिवां डोलतियांहैं रत्नोंकियां जो स्थलियां तिनमे सुंदर

देवोद्यानश्रियाजुष्टमध्यास्तेस्मात्रिविष्टपं महेंद्रभवनंसाक्षान्निर्मितंविश्वकर्मणा त्रैलोक्यलक्ष्म्यायतनमध्युवासाखिलर्द्धिमत् ॥ ६ ॥ यत्रविद्रुमसोपानामहामरकताभुवः यत्रचित्रवितानानिपद्मरागासनानिच पयःफेननिभाःशय्यामुक्तादामपरिच्छदाः कूजद्भिर्नूपुरैर्देव्यःशब्दयंत्यइतस्ततः रत्नस्थलीषुपश्यंतीःसुदतीःसुंदरंमुखं ७ तस्मिन्महेंद्रभवनेमहाबलोमहामनानिर्जितलोकएकराट् रेमेभिवंद्यांघ्रियुगःसुरादिभिःप्रतापितैरूर्जितचंडशासनः ॥ ८ ॥ तमंगमत्तंमधुनोरुगंधिनाविवृत्तताम्राक्षमशेषधिष्ण्यपाःउपासतोपायनपाणिभिर्विनात्रिभिस्तपोयोगबलौजसांपदं ॥ ९ ॥

जो मुख तिसको देखतीहैं सुंदरहै दंत जिनके ॥ ७ ॥ तिस इंद्रके भवनमें महा वली वडाहैमन जिसका जीतेहैं लोक जिसने एकही राजाहै डरते जो देवादिक तिनाकर्के प्रणाम युक्त वडीहै प्रचंड आज्ञा जिसकी ऐसा दैत्य तहां रमताभया ॥ ८ ॥ हे युधिष्ठिर वडाहै गंध जिसका ऐसी मदिराकर्के मत्तहै घूर्महैं लालनेत्र जिसके तप योगबल ओज इनके आश्रय ऐसा जो दैत्य तिसको संपूर्ण लोक पाल भेटा लेलके उपासना करतेभये ब्रह्मा विष्णु रुद्र के विना ॥ ९ ॥

ऐसें करते जोप्रेम लक्षण भक्तियोग जिसको प्राप्त भया तिसकी संसारसें न्यारीगति कहतेहै एसा
जिसका आचर्णहै और हरिके नामकीर्तन करते जिनके अनुरागवधे चित्त अतिकोमल होइ ति
सतें भक्तोंने ही भगवानजीतेहै यह जानकरहसे कबी इतना काल व्यर्थगया यह जान रोवे क
बी अति उत्कंठातें पुकारे कबी हरख करके ऊचे स्वरसें गावे भक्तनके वसभयेहो ऐसें कहके क
बीनाचते इस प्रकार लोकोंसे न्यारी चेष्टा करें जैसें मतवारे विवेक विना करें ॥ ४० ॥ और क
हतेहै आकाश वायु अग्नि जल पृथवी जोति सब प्राणी मात्र दिशा वृक्ष नदियां समुद्र इन स
बकों हरिकाही शरीरजाने अनन्य चित्तहोइके प्रणाम करें यह वैष्णवोंका लक्षणहै ॥ ४१ ॥ अ
वपूच्छतेहैं यह धर्मतो योगीश्वरोंको बी दुर्लभहै अनेक जन्मों करकेबी असाध्यहै सो एक नाम

एवंव्रतःस्वप्रियनामकीर्त्याजातानुरागोद्रुतचित्तउच्चैः हसत्यथोरोदितिरौ
तिगायत्युन्मत्तवन्नृत्यतिलोकवाह्यः ॥४०॥ खंवायुमग्निंसलिलंमहींचज्यो
तींषिसत्त्वानिदिशोद्रुमादीन् सरित्समुद्रांश्चहरेःशरीरंयत्किंचभूतंप्रणमे
दनन्यः ॥४१॥ भक्तिःपरेशानुभवोविरक्ति रन्यत्रचैष त्रिकएककालः प्रप
द्यमानस्ययथाश्नतःस्यु स्तुष्टिःपुष्टिः क्षुदपायोनुघासम् ॥ ४२ ॥ इत्य
च्युतांघ्रिंभजतोनुवृत्त्याभक्तिर्विरक्तिर्भगवत्प्रवोधःभवन्तिवैभागवतस्यरा
जंस्ततः परांशान्तिमुपैतिसाक्षात् ॥ ४३ ॥ राजोवाच अथभागवतंब्रूत
यद्धर्मोयादृशोनृणां यथाचरतियद्ब्रूतेयैर्लिंगैर्भगवत्प्रियः ॥ ४४ ॥

कीर्तन मात्रसें एकही जन्ममें क्योंहोइ तहां कहतेहे प्रेम लक्षणा भक्ति और प्रेमाश्रय भगव
त्स्वरूपकी स्फुरति और गृहादिकोंमे वैराग्य ये तीनो हरिके भजन कर्ता पुरुषहै एक भजन का
लही विषें होतेहे जैसें भोजन करे तिसकों सुख पुष्टि पेटका भजना क्षुधाकी निवृत्ति एतीनो ए
कही काल ग्रासविखें होतेहै ॥ ४२ ॥ पीच्छे भगवानके प्रसादसें कृतार्थहोइ सो कहतेहै इसप्र
कार हरिचरणार विंदका नित्य भजन करे तिसकों प्रेम लक्षणा भक्ति और वैराग्य अर साक्षात
भगवत स्वरूप ज्ञान ये तीनो होइ तब परम शांतिकों पावे ॥ ४३ ॥ अब राजा जनक पूच्छ
ताहै अब तुमकहो वैष्णव मनुष्योंके मध्यकैसें होतेहैं कौन धर्म विषे स्थित कैसास्वभाव कैसा
आचार कैसा बोलना कैसे चिन्ह जिनकर भगवानका प्रियहोताहै सोसंपूर्ण मेरेकों कहो ४४ ॥

इसका उत्तर हरिनामा योगीश्वर तीन श्लोकों करदेतेहैं जो अपनेको सब प्राणीमात्रमें ब्रह्मरूप
कर स्थितदेखें ब्रह्मरूप आपविषें सबप्राणी मात्रको देखें सो उत्तम भागवत कहिये ॥ ४५ ॥
ईश्वरकि विषें प्रेम कहिए ईश्वरके विषें प्रेम करे ईश्वरके भक्तोंसें मैत्री करे मूरखोंपर कृपा करे
शत्रुयोंकी उपेक्षाकरें सो वैष्णव मध्यमहै ऐसी भेदबुद्धिहै ॥ ४६ ॥ जिसकी प्रतिमा मेंही श्र
द्धाहोइ और जीवोंमें नहोइ और भक्तों मेंवीनहोइ तिनाने अवही भक्ति आरंभीहै शनै शनै उ
त्तमहोइगे ॥ ४७ ॥ और आठ श्लोकोंकर उत्तम लक्षण कहतेहैं जो इंद्रियों कर विषयोंका

हरिरुवाच सर्वभूतेषुयःपश्येद्भगवद्भावमात्मनःभूतानिभगवत्यात्मन्येषभा
गवतोत्तमः ॥ ४५ ईश्वरेतदधीनेषुबालिशेषुद्विषत्सुच प्रेममैत्रीकृपोपेक्षा
यःकरोतिसमध्यमः ॥ ४६ ॥ अर्चायामेवहरयेपूजांयःश्रद्धयेहते नतद्भक्ते
षुचान्येषुसभक्तःप्राकृतःस्मृतः॥ ४७ ॥ गृहीत्वापीन्द्रियैरर्थान्योनद्वेष्टिनहृ
ष्यति विष्णोर्मायामिदंपश्यन्सवैभागवतोत्तमः॥ ४८॥ देहेन्द्रियप्राणमनो
धियांयो जन्माप्ययक्षुद्भयतर्षकृच्छ्रैः संसारधर्मैरविमुह्यमानःस्मृत्याहरे
र्भागवतप्रधानः ॥ ४९ ॥ नकामकर्मबीजानांयस्यचेतसिसंभवःवासुदेवै
कनिलयःसवैभागवतोत्तमः ॥ ५० ॥

भोग करतेहै परंतु किसीसें न द्वेषहैन प्रीतिहै सब वस्तु मात्रको ईश्वरकी माया कर जानतेहै सो
भक्तनमें उत्तम होतेहै ॥ ४८ ॥ देहके संसारी धर्मजन्य मरण इंद्रियांको कष्टप्राणाको भूख म
नको भय बुद्धिको तृष्णा इन संसारके धर्मोसें जो मोह नपावे निरंतर हरिकास्मरण करे सो वै
ष्णवों में मुख्यहै ॥ ४९ ॥ जिनके मनमें कामअर कर्म अर वासना न उपजे चित्त एक श्री
कृष्ण स्वरूपमें बसतारहे सो वैष्णवोंमें उत्तम इन तीनो श्लोकों करके भक्तोंके आचरण का उ
त्तर कहा ॥ ५० ॥

जिनके इस देहमें कुल तप वर्ण आश्रम जाति इनका अभिमान नही सो हरिकों प्रियहै ॥ ५१
जिनको वित्त मैं अर आत्मा में अपनी पराई बुद्धि नही अर संपूर्ण प्राणीमात्र में समान
दृष्टि होइ शांतिहोइ सो वैष्णवों मैं उत्तमहै ॥ ५२ ॥ त्रैलोकीके राज्यके लिये वी हरिहीविषें
जिनका चित्तहै ऐसे देवतयों कर्के दुर्लभ भगवानका नौचरण कमल तिसके भजन सें आधेक्षण
लवमात्र चित्त चलसें औैर सार कुच्छ नही ऐसा दृढज्ञानहै जिनको सो वैष्णवोंमें उत्तमहै
॥ ५३ ॥ इहां पूर्व पक्ष करतेहे अहो विषयके संगसें काम कर्के संताप भये भक्तोंमें मन चंच
लहोए तहा कहतेहै मेरी सेवामै जिनकों सुख उपजे तिनके तोमन नही चलते जिनके पराक्रम
अनंतहै ऐसे भगवानके चरण जिनकी शाखारूप अंगुली तिनके नख रूप मणिकी जोचंद्रिका

नयस्यजन्मकर्मभ्यांनवर्णाश्रमजातिभिः सज्जतेऽस्मिन्नहंभावोदेहेवैसहरेः
प्रियः ५१ नयस्यस्वःपरइतिवित्तष्वात्मनिवाभिदा सर्वभूतसमःशान्तःस
वैभागवतोत्तमः ॥५२ ॥ त्रिभुवनविभवहेतवेप्यकुण्ठस्मृतिरजितात्मसुरा
दिभिर्विमृग्यात् नचलतिभगवत्पदारविन्दाल्लवनिमिषार्द्धमपिस्मवैष्णवा
ग्र्यः ॥ ५३ ॥ भगवतउरुविक्रमांघ्रिशाखानखमणिचन्द्रिकयानिरस्ततापे
हृदकथमुपसादतांपुनः सप्रभवतिचंद्रइवोदितेऽर्कतापः ॥ ५४ ॥ विसृज
तिहृदयंनयस्यसाक्षाद्धरिरवशाभिहितोप्यघौघनाशः प्रणयरशनयाधृ
तांघ्रिपद्मः सभवतिभागवतप्रधानउक्तः ॥ ५५ ॥ इतिश्रीभागवतेएका
दशस्कन्धेद्वितीयोध्यायः ॥ २ ॥

तिस कर्के दूरभयाहै कामादिक ताप जहां ऐसे भक्तनके हृद यमैं सो ताप क्यों दृष्टांत कहतेहै
जैसें चंद्रके उदे भयेसें सूर्यका ताप जाताहै ॥ ५४ ॥ और वी मुख्य लक्षण कहतेहै अब इसी
कर नाममात्रके लैतिया पाप समूहका नाश करे ऐसें साक्षात हरि आप जिनके हृदेमैंसे नच्छो
डे सो वैष्णवो मैं उत्तमहै जिसतें इन प्रेम डोर कर्के हरिके चरण कमल हृदेमैं बांध राखेहै ५५
श्रीभागवतमैं भाषाटीकामें एकादश स्कधमैं दूसरा अध्याग समाप्त भया ॥ २ ॥

माया और मायाका तरणा और ब्रह्म अर कर्म इन चार प्रश्णका उत्तर चार ऋषभ देवके पुत्र मुनि तीसरे अध्यायमें कहेंगे राजा जनकपूच्छताहै परमात्मा जो ईश्वर विष्णु की जो माया तिसीमें जानती चाहतेहैं हेभगवत तुम मेरेसें कहो जो माया बडे माया वंतनको मोहन करतिहैं ॥ १ ॥ कदाचित तुमकहो कहेहैं लक्षण जिसके ऐसा भक्त होइके कृतार्थ होए तो क्या वहुत परिश्रम कर्के करेंगे तहा कहतेहैं मरण धर्म जिस संसार ताप कर्के अत्यंत तप्तहोए तिस तापकी ओषधहैं हरिकथा रूपजो अमृत तिसीकों तुमारे वचन सें पीवते मेरेकों तृप्ति नही होतिहैं ॥ २ ॥ अब अंतरिक्षनामा योगीश्वर माया का जो स्वरूप सोतो कहा नहीजा ता तिससें अब सृष्टिकों कहते माया कारूप कहतेहैं हे राजन आदिपुरुषजो भगवान संपूर्ण

राजोवाच परस्यविष्णोरीशस्यमायिनामपिमोहिनीं मायांवेदितुमिच्छा मिभगवन्तोब्रुवन्तुनः ॥१॥ नानुतृप्येजुषन्युष्म द्वचोहरिकथामृतं संसार तापनिष्टप्तोमर्त्यस्तत्तापभेषजम् ॥ २ ॥ अन्तरिक्षउवाच एभिर्भूतानिभू तात्मामहाभूतैर्महाभुज ससर्जोच्चावचान्याद्यःस्वमात्रात्मप्रसिद्धये ॥ ३ ॥ एवंसृष्टानिभूतानिप्रविष्टःपंचधातुभिः एकधादशधात्मानंविभज न्जुषतेगुणान् ॥ ४ ॥ गुणैर्गुणान्सभुंजानआत्मप्रद्योतितैःप्रभुः मन्य मानइदंसृष्टमात्मानमिहसज्जते ॥ ५ ॥ कर्माणिकर्मभिःकुर्वन् सनिमित्ता निदेहभृत्तत्तत्कर्मफलंगृह्णन्भ्रमतीहसुखेतरम् ॥ ६ ॥ इत्थंकर्मगतीर्ग च्छन्वह्वभद्रवहाःपुमान् आभूतसंप्लवात्सर्गप्रलयावश्नुतेऽवशः ॥ ७ ॥

प्राणी मात्र के कारण भूत अपने अंश भूत जीवांको मोक्षके अर्थ पंच महाभूतहै सो शक्ति मायाका रूपहै ॥ ३ ॥ इस प्रकार पंच महा भूतोंसे उत्पन्न भये जोजो सकल प्राणि तिन के मध्य भगवान् अंतर्जामी रूप प्रविष्ट होइ कर्के एकाग्रमन कर अर दश इंद्रिय रूप अ पने न्यारे न्यारे विषय भोग जीवन कों करातेहैं ॥ ४ ॥ तिसजीवात्मा अंतर जामी कर प्रकाश इंद्रियोंसें विषय भोग करते माया रचित शरीरकों आत्माजान तिसी शरीरमें आशक्त होतेहैं ॥ ५ ॥ यह जीव कर्मेंद्रियोंसें वासनासहित कर्म करतेहैं तिनकर्मनकों सुख दुःखरूप फलका भोग करते संसारमैं भ्रमतेहैं ॥ ६ ॥ इस प्रकार अनेक क्लेशयुक्त कर्म मार्गमें च लते यह जीवात्मा परवश होइके महा प्रलय पर्यंत जन्म मरण कों प्राप्त होतेहैं ॥ ७ ॥